(Pages : 4) **1018**

Sl. No. 3982

S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH - 2014
THIRD LANGUAGE
HINDI

Time : 1½ Hours] **[Total Score : 40**

निर्देश :

- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा।
- यह प्रश्न पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है।
- दो प्रश्नों में विकल्प हैं।

[SCORE]

Q1) तालिका की पूर्ति करके लिखें। [2]

पाठ	प्रोक्ति	लेखक
सकुबाई	नाटक	
बाबूलाल तेली की नाक		स्वयंप्रकाश
	कविता	भगवत रावत
वापसी	कहानी	

Q2) अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर समानार्थी हिंदी शब्द रखकर खंड का पुनर्लेखन करें। [3]

चेनै जाने के लिए मैंने Reservation किया था,लेकिन माँ की बीमारी के कारण Cancellation करना पड़ा। उनको एक Operation था।

(शल्यक्रिया, आरक्षण, रुकावट, रद्दीकरण)

Q3) कोष्ठक से घटना चुनकर सही क्रम से खाली स्थान की पूर्ति करें। [2]

- गजाधर बाबु रिटायर होकर घर वापस आया।
- ----------------------------
- गज़ाधर बाबु ने खर्च कम करने का सुझाव दिया।
- ----------------------------

(चीनी मिल में नौकरी के लिए गया।,
शाम का खाना पकाने की जिम्मेदारी बसंती पर सौंप दिया।)

For more Question papers, Answer key, Notes etc. visit: BIO-VISION VIDEO BLOG

[SCORE]

Q4) डौली की माँ की चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें । [2]

- गरीबों से नफ़रत करनेवाली
- गरीबों के प्रति सहानुभूति रखनेवाली
- धोबी के बच्चों के साथ खेलने से डौली को मना करनेवाली

सूचना :- 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । [2 × 2 = 4]

Q5) जीवन में पहली बार इतनी बुरी तरह ठगे गये हैं – बाबूलाल तेली ने ऐसा क्यों सोचा ?

Q6) ग्वाले के प्रति महादेवी वर्मा का संदेह विश्वास में कैसे बदल गया ?

Q7) कवि ने कारखाने को स्वार्थ का प्रतीक कहा है तो नदी और साबुन किनके प्रतीक हो सकते है ? क्यों ?

सूचना :- 8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । [3 × 4 = 12]

Q8) डिसेक्शन हॉल के अनुभवों को देवदास ने अपनी डायरी में लिखा । उस दिन की देवदास की डायरी प्रस्तुत करें ।

सहायक संकेत

- डिसेक्शन हॉल की विशेषताएँ
- छात्रों के दलों का बँटवारा
- डॉ. कुमार के व्यक्तित्व का प्रभाव

Q9) ग्राहक विज्ञापनों के कारण बाज़ार में ठगे जाते हैं । विज्ञापनों के बुरे असर से बचने का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें ।

Q10) हाथियों के झुंड द्वारा घर और खेत बरबाद हो जाते हैं । इस संबंध में गाँव के दो युवकों – राकेश और अमल – के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

Q11) संकेतों की सहायता से फारसी पत्रकार द्वारा मित्र के नाम लिखनेवाला पत्र तैयार करें ।

- गामा से मिलन
- शिष्य के साथ लड़ने का निवेदन
- भारतीय गुरु–शिष्य संबंध का महत्व

For more Question papers, Answer key, Notes etc. visit: BIO-VISION VIDEO BLOG

[SCORE]

सूचना :- कवितांश पढ़कर 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

तरूण !

तुम्हारी शक्ति अतुल है

जहाँ कर्म में वह बदली है

वहाँ राष्ट्र का नया रूप

सम्मुख आया है

(तरुण–युवा, अतुल–असीम, सम्मुख–सामने)

Q12) कविता किसको संबोधित करती है ? [1]

(बच्चों को, युवकों को, बूढ़ों को)

Q13) कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें । [1]

Q14) कवितांश का आशय लिखें । [3]

सूचना :- संशोधन करके खंड का पुनर्लेखन करें ।

Q15) सुधा की बेटा श्रीचंद मेरे गाड़ी में स्कूल आया करती है । आज वह नहीं आई । [2]

सूचना :- उचित विशेषण चुनकर खंड का पुनर्लेखन करें ।

Q16) वह ------- आदमी अपनी ------ बहन के साथ उस ------- मकान में रहता है । उसके साथ ---------- माँ भी है । [2]

(बूढ़ी, छोटी, लंबा, टूटे-फूटे)

सूचना :- उचित योजक से वाक्यों को मिलाएँ ।

(इसलिए, फिर भी)

Q17) आज स्कूल बस नहीं मिला । स्कूल में देर से पहुँचा । [1]

P.T.O.

For more Question papers, Answer key, Notes.etc. visit: BIO-VISION VIDEO BLOG

[SCORE]

सूचना :- खंड पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सवाल बहुत गंभीर है । एक पेड़ का क्या मूल्य है ? एक व्यापारी देखेगा कि उसकी लकड़ी कितनी बड़ी है । एक किसान देखता है कि पेड़ कितना फल देता है । एक बच्चा सोचेगा कि धूप में पेड़ की छाया कितनी अच्छी है । कहा जाता है कि पेड़ वायु को शुद्ध बनाता है ।

Q18) 'उसकी' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन-सा है ? [1]
(वह, यह, वे, ये)

Q19) 'बच्चा सोचेगा' में 'बच्चा' शब्द ------- [1]
(क्रिया है, संज्ञा है, विशेषण है, सर्वनाम है)

Q20) व्यापारी पेड़ का मूल्य किस प्रकार निर्णय करता है ? [1]

Q21) पेड़ से हमें क्या-क्या प्रयोजन हैं ? [2]

⌘⌘⌘

For more Question papers, Answer key, Notes etc. visit: BIO-VISION VIDEO BLOG